# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–28 मार्च 2025 सान्ध्य समाचार

लखनऊ के विधान भवन में आज भारत सरकार के युवा एंव खेल मंत्रालय की ओर सें विकसित भारत युवा संसद महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में माई भारत अभियान के तहत युवाओं की नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने का संकल्प दोहराया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि युवा संसद का उद्देश्य केवल नेता बनाना नही बल्कि नेतृत्व की क्षमता विकसित करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्ग दर्शन मे दो हजार उन्नीस से शुरू हुई युवा संसद की यह पहल जीवन के हर क्षेत्र में नेतृत्व का गुण विकसित करने के उद्देश्य के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने युवाओं को कुछ नया करने और समाज के लिए प्रेरणा बनने के लिए प्रेरित किया।

**जब हम लीक से हटकर के कुछ नया करते हैं तो वह लोगों के लिए सामान्य जन के लिए समाज के लिए एक प्रेरणा बन जाती है' और लोग उसको हाथों–हाथ लेकर के जब सम्मान देते हैं तो वह एक नेतृत्व उसे क्षेत्र में जो विकसित किया गया वहीं एक लीडर का गुण होता है। ऐसे ही जीवन के किसी भी क्षेत्र में अनंत संभावनाएं होती हैं अपने बातों को रखने का अपने कार्य क्षेत्र को आगे बढ़ने का।**

इस कार्यक्रम में विधान परिषद के सभापति मानवेन्द्र सिंह और विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना भी मौजूद रहे।

**********

लखनऊ के मोहान रोड स्थित एक संस्था में तबीयत बिगड़ने के बाद लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराए गए बच्चों से मिल कर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज उनका हालचाल लिया। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक बेड पर जाकर बच्चों से मुलाकात की। उन्होंने चिकित्सकों और अधिकारियों को बच्चों के समुचित इलाज का निर्देश दिया। बीते दिनों रात के भोजन के बाद संस्था के बच्चों की तबीयत बिगड़ गई थी। हमारे प्रतिनिधि ने बताया कि इस दुखद घटना में मानसिक मंदित चार बच्चों की मौत हो चुकी है।

**********

सर्वोच्च न्यायलय ने आज दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास पर अवैध नकदी मिलने के आरोप में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति वर्मा के घर से आग लगने की घटना के बाद नकदी बरामद की गई थीं। न्यायमूर्ति अभय ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भूयान की पीठ ने याचिका पर सुनवाई की और आंतरिक जांच पूरी करने को कहा। आवास पर नकदी बरामद होने के बाद जस्टिस यशवंत वर्मा का स्थानान्तरण दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद हाईकोर्ट कर दिया गया है।

**********

महिला और बाल विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदक पहली अप्रैल से राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से इकतीस जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। मंत्रालय के एक बयान के अनुसार भारत में रहने वाले ऐसे बालक जो स्वदेशी नागरिक हैं और इकतीस जुलाई दो हजार पचीस तक पांच वर्ष से अठाहर वर्ष के बीच के आयु वर्ग में शामिल हैं, इन पुरस्कारों के लिए पात्र होंगे। मंत्रालय बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण तथा कला और संस्कृति में उपलब्धियों के लिए असाधारण बालक बालिकाओं को सम्मानित करने के लिए हर साल प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार का आयोजन करता है।

**********

ईद उल फित्र से पहले रमजान के अंतिम जुमे पर आज प्रदेश भर में अकीदत के साथ अलविदा की नमाज अदा की गई। सभी नमाजियों ने नमाज अदा करने के बाद देश में सदैवखुशहाली और शान्ति बने रहने की कामना की। इस अवसर पर सभी जिलों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा और यातायात की अतिरिक्त व्यवस्था की गयी थी।

**********

चैत्र नवरात्र को देखते हुए वाराणसी और इसके आसपास के जिलों से विन्ध्यांचल धाम के लिए अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक परशुराम पांडेय ने बताया कि कल रात के बाद से छह अप्रैल तक इक्यानवे बसें चलाने की तैयारी की गई है।

**मेन मेला है शुरूआत 29 को हम भीड़ जैसे होगी तो उसके लिए अलग से व्यवस्था एक्कईस हमारी डेली चलती है, लेकिन उसके अलावा हमने सत्तर बसों का पूरे परिक्षेत्र में बनारस, कैंट, जौनपुर, गाजीपुर, सोनभद्र और विन्ध्यांचल मिला कर के सत्तर बसों की प्लानिंग एक्स्ट्रा सर्विसेज का किया है। इसमें पूर्व से एक्कईस दोनों मिला कर इक्यानवे बसें अब उपलब्ध रहेंगी।**

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीस मार्च को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम को सम्बोधित करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ बीसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर एक आठ शून्य शून्य एक एक सात आठ शून्य शून्य के माध्यम से दिए जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी ऐप या माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी ऑन–लाइन सुझाव साझा करने की आज अंतिम तिथि है।

**********